# कार्यकर्ता पार्टी को अधिक सशक्त व अजेय बनाने का लक्ष्य तय करें- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया

जयपुर, 6 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में उत्साह और उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे सहित, अनेक वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा राष्ट्रहित, विकास और सेवा की भावना के साथ कार्य करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और सेवा के कारण ही पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य, दोनों स्तरों पर भाजपा की सरकार होने से कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने सभी से जनता के बीच रहकर कार्य करने तथा पार्टी को और अधिक सशक्त एवं अजेय बनाने का लक्ष्य तय करने का आ ान किया। उन्होंने जनसंघ से प्रारंभ हुए संगठन के सफर को याद करते हुए कहा कि हमारी नीति में राष्ट्र सर्वोपरि है, उसके बाद पार्टी का स्थान है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है और संगठन की मजबूती ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुटने का आग्रह किया।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का 46 वर्षों का सफर संघर्ष, निष्ठा और विचारधारा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजनीतिक नियुक्तियाँ और महत्वपूर्ण दायित्व केवल उन्हीं कार्यकर्ताओं को मिलने चाहिए, जो पार्टी की मूल विचारधारा के प्रति वफ़ादार हैं।

कार्यक्रम के दौरान, भारत माता की जय एवं भाजपा जिंदाबाद के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर अनेक मंत्री, सांसद, विधायक एवं पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान सरकार के मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, गौतम दक, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भूपेन्द्र सैनी, मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह, एकता अग्रवाल, विधायक बाल मुकुंदाचार्य, गोपाल शर्मा, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, आईटी प्रभारी अविनाश जोशी, सोशल मीडिया प्रभारी हिरेन्द्र कौशिक, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर गोरा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष महेन्द्र कुमावत, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हमीद खान मेवाती सहित, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे व वरिष्ठ नेता मौजूद थे।*

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है तथा संगठन की मजबूती ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।**
- **पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि राजनीतिक नियुक्तियां और महत्वपूर्ण दायित्व केवल उन कार्यकर्ताओं को मिलने चाहिए जो पार्टी की मूल विचारधारा के प्रति वफादार हैं।**

# भजनलाल ने कोयम्बटूर उत्तर के एनडीए प्रत्याशी को जिताने की अपील की

तमिलनाडु/जयपुर, 6 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के अनुसार, देश में किसान, युवा, महिला, मजदूर चार जातियां है। उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री प्राथमिकता से कार्य कर रहे है। शर्मा सोमवार को तमिलनाडु के कोयम्बटूर में एक कार्यक्रम के दौरान प्रवासी राजस्थानियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 47वें भाजपा स्थापना दिवस की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शर्मा ने कहा कि तमिलनाडु की वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने सभी से आ ान किया कि कोयंबटूर उत्तर से एनडीए के प्रत्याशी वनाथी श्रीनिवासन को ज्यादा से ज्यादा मत देकर विजयी बनाएं।

- **उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों को संबोधित किया व पेरूर पट्टेश्वर मंदिर के दर्शन किए।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों से संवाद भी किया। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कोयम्बटूर स्थित पेरूर पट्टेश्वर शिव मंदिर में दर्शन किए। मुख्यमंत्री के कोयम्बटूर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी मौजूद रहे।

# प.एशिया के तनाव के बीच बागेवाला फील्ड ने 70 प्रतिशत उत्पादन बढ़ाया

## यहाँ से कच्चा तेल टैंकरों से मेहसाणा फिर पाइप लाइन से कोयली रिफायनरी पहुँचता है

जैसलमेर, 6 अप्रेल (नि.सं.)। जैसलमेर थार रेगिस्तान स्थित बागेवाला फील्ड से ऑयल इंडिया की रिकॉर्ड तेल उत्पादन बढ़ोतरी ने राष्ट्र को बड़ा संकेत दिया है। नई तकनीक और बढ़ती क्षमता देश की ऊर्जा सुरक्षा को नई दिशा देती नज़र आ रही है। अब भारत की इंपोर्ट पर निर्भरता घटेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जैसलमेर के बागेवाला फील्ड से निकला कच्चा तेल टैंकरों के जरिए गुजरात के मेहसाणा स्थित ओएनजीसी की फैसिलिटीज़ तक पहुंचाया जाता है। वहां से इसे पाइपलाइन के जरिए आईओसीएल की कोयली रिफाइनरी भेजा जाता है। यह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और तेल बाजार में अनिश्चितता के बीच भारत के लिए राहत भरी सूचना है।

अधिकारियों के मुताबिक, जोधपुर सैंडस्टोन फॉर्मेशन से कंपनी ने 1,202 बैरल प्रति दिन का रिकॉर्ड उत्पादन हासिल किया है। यह पिछले साल के 705 बैरल प्रति दिन के मुकाबले करीब 70 प्रतिशत ज्यादा है। वित्त वर्ष 2025-26 में ऑयल इंडिया के राजस्थान फील्ड से 43,773 मीट्रिक टन कच्चे तेल का उत्पादन हुआ। पिछले साल यह आंकड़ा 32,787 मीट्रिक टन था। इसका मतलब है कि सालाना स्तर पर भी कंपनी ने मजबूत ग्रोथ दिखाई है।

ऑयल इंडिया की इस सफलता के पीछे एडवांस्ड तकनीकों का बड़ा हाथ है। इसमें साइक्लिक स्टीम स्टिमुलेशन शामिल है, जो एक थर्मल एन्हैंस्ड ऑयल रिकवरी तकनीक है। यह तकनीक खास तौर पर ऐसे तेल को निकालने में मदद करती है, जो बहुत ज्यादा चिपचिपा होता है और सामान्य तरीकों से आसानी से बाहर नहीं आता।

- **बागेवाला फील्ड राजस्थान बेसिन के बीकानेर-नागौर इलाके में स्थित है। यह देश की कुछ गिनी-चुनी हैवी ऑयल फील्डस में से एक है। इस साल 19 कुओं में सीएसएस ऑपरेशन पूरे किए गये।**

बागेवाला फील्ड राजस्थान बेसिन के बीकानेर-नागौर इलाके में स्थित है और यह भारत के कुछ गिने-चुने हैवी ऑयल फील्ड्स में से एक है। इस साल कंपनी ने 19 कुओं में सीएसएस ऑपरेशन पूरे किए, जो पिछले साल से करीब 72 प्रतिशत ज्यादा हैं। साथ ही, 13 नए कुएं भी खोदे गए, जबकि पिछले साल यह संख्या 9 थी।

ऑयल इंडिया साल 2017 से इस फील्ड से तेल निकाल रही है। यह फील्ड 1991 में खोजा गया था और करीब 200.26 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यहां कुल 52 कुएं हैं, जिनमें से 33 अभी काम कर रहे हैं।

2018 में पहली बार सीएसएस तकनीक को ट्रायल के तौर पर इस्तेमाल किया गया था। अब यही तकनीक बड़े स्तर पर उत्पादन का आधार बन गई है। इससे भारत में थर्मल एन्हैंस्ड ऑयल रिकवरी के नए मानक बने हैं।

# नए वोटर्स के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मतदाताओं को मतदान, और अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करना चाहिए।"

एक अन्य छात्र तन्मय सिल कहते हैं, "यहाँ के युवा "गोल्डन असम" चाहते हैं।"

वहीं, होजाई में पहली बार मतदान करने वाले हाजी ज़मान ने कहा, "एक नए मतदाता के रूप में, मैं चाहता हूँ कि जो भी सीट पर आए, वह विकास और शिक्षा के लिए काम करे। पिछले नेताओं से जो भी गलतियाँ हुई, उन्हें दोहराया न जाए।'

पहली बार वोट डालने वाले एक अन्य छात्र नीलोत्पल दास ने कहा, "जो भी सत्ता में आए, उसे कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर भी ध्यान देना चाहिए, ताकि असम के युवा को कहीं और न जाना पड़े।"

असम के इस चुनाव में विभिन्न पार्टियों के कई ऐसे उम्मीदवार भी हैं, जो 20 और 30 के दशक की उम्र में हैं। इनमें पहली बार चुनाव लड़ रहे कुंकी चौधरी भी शामिल हैं, जो असम जातीय परिषद से सेंट्रल गुवाहाटी सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार गुप्ता के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

# तमिलनाडु के नौ पुलिस कर्मियों को मौत की सजा

चेन्नई, 06 अप्रैल। तमिलनाडु में पिता बेटे की हिरासत में हुई मौत मामले में मदुराई की एक अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने इस मामले में दोषी पाए गए नौ पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा सुनाई है। इन दोषियों में पुलिस इंस्पेक्टर श्रीधर भी शामिल हैं, जिन पर 15 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने कहा कि जिन 10 पुलिसकर्मियों पर आरोप तय हुए थे, उनमें से जीवित बचे सभी नौ को हाल ही में दोषी ठहराया गया था। फैसले में अदालत ने कहा कि पिता और बेटे को बदले की भावना से नंगा कर बेरहमी से पीटा गया, और मामले को पढ़ते हुए ही दिल दहल उठता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिकयह मामला तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले के सथानकुलम का है, जहां 2020 में पिता पी. जेयराज और उनके बेटे बेनिक्स की पुलिस हिरासत में हुई यातना के बाद मौत हो गई थी। 19 जून 2020 को पुलिस ने जेयराज को उनके बेटे की मोबाइल दुकान से यह कहते हुए थाने ले जाया गया कि दुकान कोविड 19 कर्फ्यू के बाद खुली थी। जब बेनिक्स थाने पहुंचा और अपने पिता की रिहाई की बात कही, तो पुलिस ने जेयराज को उसके सामने गालियां दीं, जिससे विवाद हुआ। इसके बाद पुलिस ने पिता पुत्र दोनों को थाने में पूरी रात बेरहमी से पीटा और यातना दी। अगले दिन उन्हें बिना मेडिकल ट्रीटमेंट के न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

- **मदुरै के कोर्ट ने हिरासत में बाप बेटे की मौत के मामले में पुलिस इंस्पैक्टर सहित 9 को फांसी की सजा दी**

# 'राहुल गांधी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परिवार का कोई सदस्य विदेश में व्यवसाय करता है? क्या आपने अपनी और अपने परिवार की संपत्ति का खुलासा चुनावी हलफनामे में किया है?" गोगोई ने निष्कर्ष रुप में कहा, "अगर सरमा के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो उन्हें जांच का स्वागत करना चाहिए।"

सरमा ने पाकिस्तान का कोण जोड़ा, और कहा कि खेड़ा और गोगोई द्वारा लगाए गए आरोप पाकिस्तान के सोशल मीडिया समूहों से लिए गए हैं। उन्होंने कहा, "असम चुनावों में पाकिस्तान की बढ़ती रुचि देखने को मिली है, जिसने कांग्रेस को जिताने के लिए कम से कम 11 टॉक शो प्रसारित किए। यह अभूतपूर्व है। सरमा ने कानूनी परिणामों की चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। सरमा ने कहा, "नकली दस्तावेज़ों के साथ मुद्दे उठाना आईपीसी की धारा 420 और 468 के अंतर्गत आता है। चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए ऐसे आरोप लगाने पर सख्त सजा होती है, जिसमें आजीवन कारावास भी शामिल है।"

असम में 126 निर्वाचन क्षेत्रों में 9 अप्रैल को एक चरण में विधानसभा चुनाव होंगे। मतों की गिनती 4 मई को होगी।

# छत्तीसगढ़ के पूर्व मु.मंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को उम्र कैद

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जोगी को यह सजा बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड के मामले में सुनाई है

बिलासपुर, 06 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के चर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में आखिरकार लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उच्च न्यायालय ने आज सोमवार को अहम फैसला सुनाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को उम्रकैद की सजा दी। साथ ही 1,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। "अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि समान अपराध में शामिल आरोपितों के साथ अलग-अलग व्यवहार न्यायसंगत नहीं है।"

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविन्द वर्मा की स्पेशल डिवीजन बेंच ने बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में अहम फैसला सुनाते हुए अमित जोगी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 120-बी के तहत दोषी करार दिया।

- **यह मामला 4 जून 2003 का है, जब रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।**

अदालत ने उन्हें उम्रकैद और 1000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह मामला गत 4 जून 2003 का है, जब रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में कुल 31 लोगों को आरोपित बनाया गया था, जिनमें से बल्टू पाठक और सुरेंद्र सिंह बाद में सरकारी गवाह बन गए थे। निचली अदालत ने 28 आरोपितों को दोषी ठहराया था, जबकि 31 मई 2007 को रायपुर की विशेष अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए अमित जोगी को बरी कर दिया था। अमित जोगी को बरी किए जाने के खिलाफ रामावतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की थी। इस दौरान अमित जोगी को राहत मिलते हुए स्टे मिला था, लेकिन बाद में उच्चतम न्यायालय ने मामले को दोबारा सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय भेज दिया। रामावतार जग्गी, कारोबारी पृष्ठभूमि से जुड़े हुए थे और पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के करीबी माने जाते थे। जब विद्याचरण शुक्ल ने कांग्रेस छोड़कर एनसीपी का दामन थामा, तो जग्गी भी उनके साथ शामिल हुए और उन्हें छत्तीसगढ़ में पार्टी का कोषाध्यक्ष बनाया गया था।

# असम की राजनीति ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

2015 में भाजपा में शामिल होने के बाद, सरमा न केवल असम में, बल्कि पूरे उत्तर-पूर्व में पार्टी का चेहरा बन गए। वे पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार, गठबंधन निर्माता, विपक्षी दलों के विघटनकर्ता और केन्द्र के भरोसेमंद नेता बन गए। लेकिन भाजपा में भी, 2016 में पार्टी की पहली जीत का श्रेय मिलने और सभी प्रशंसाओं के बावजूद, वे आवश्यक तो रहे, लेकिन नंबर 2 ही रहे।

यह श्रंखला 2021 में टूट गई, जब भाजपा ने सर्वानंद सोनोवाल के हटने के बाद, सरमा को नेतृत्व सौंपा। आखिर सरमा को वह मिल गया, जिसका पात्र वे स्वयं को मानते थे। जिसके लिए उन्होंने अथक परिश्रम किया था।

यह पहला चुनाव है, जिसमें हिमंता पार्टी का चेहरा है सबसे आगे हैं और केन्द्र बिन्दु हैं, न कि पीछे रहकर योजना बनाने और नियंत्रण करने वाले। यह उनका चुनाव है। और उन्होंने इसे इस तरह बनाने के लिए पूरी सजगता के साथ मेहनत की है। उनके पांच साल का कार्यकाल पूरी तरह उनके स्वयं के चेहरे और नेतृत्व का रहा। उन्होंने अपने अनुभव और राजनैतिक जीवन के मोड़ों से यह सीखा और सुनिश्चित किया कि उनके शासन में कोई नंबर 2 न हो। यह एकल नेतृत्व का शासन है, "वन -मैन शो" है। प्रेस कॉन्फ्रेंस से लेकर उद्घाटन समारोहों तक, अपने प्रतिद्वंद्वियों पर चौंकाने वाले आरोप लगाने तक, केवल मुख्यमंत्री ही दिखाई देते हैं। यहां तक कि बोर्ड परीक्षा की तारीखें भी वे खुद घोषित करते हैं। ग़ौरव गोगोई के कथित पाकिस्तानी संबंधों पर एसआईटी की रिपोर्ट पर प्रेस को संबोधित करने का कार्य स्वयं सरमा ने किया था, किसी शीर्ष पुलिस अधिकारी ने नहीं।

# लगातार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अभियान में करीब 12 किलो हेरोइन जब्त की थी। इसकी अनुमानित कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 60 करोड़ रुपए आंकी गई थी। पुलिस ने चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया था। लगातार दो दिनों में मिली इन बड़ी खेपों से सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। बीएसएफ और पुलिस के अधिकारी पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और सीमा पर ड्रोन रोधी सतर्कता बढ़ा दी गई है। जांच में पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि तस्करों का पूरा नेटवर्क कौन चला रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों घटनाओं में ड्रोन के इस्तेमाल की पुष्टि होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इलाके के किसानों को भी सतर्क रहने की अपील की गई है कि कोई संदिग्ध पैकेट या ऑब्जेक्ट मिले तो तुरंत पुलिस या बीएसएफ को सूचित करें।

# शरद पवार सहित 19 ने राज्यसभा की शपथ ली

नई दिल्ली, 06 अप्रैल। राज्य सभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को सदन के 19 नवनिर्वाचित सदस्यों को संसद भवन में शपथ दिलाई। राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेता शरद पवार, केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले, भाजपा के रामराव वडकुटे, माया इवनाते, और ज्योति वाघमारे सहित, अन्य नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली।

आज शपथ लेने वालों में महाराष्ट्र से रामदास बंदू अठावले, माया चिंतामन इवनाते, शरदचंद्र पवार, रामराव सखाराम वडकुटे, डॉ. ज्योति नागनाथ वाघमारे भी हैं। तमिलनाडु से क्रिस्टोफर मणिक्कम, डॉ. अंबुमणि रामदास, कॉन्स्टेंडाइन रविंद्रन, एल. के. सुधीश, डॉ. एम. थंबीदुरई तथा तिरुची शिवा ने शपथ ग्रहण की। पश्चिम बंगाल से बाबुल सुप्रियो बराल, डॉ. मेनका गुरुस्वामी, राजीव कुमार, रुक्मिणी मल्लिक, बिस्वजीत सिन्हा ने शपथ ली। ओडिशा से राज्य सभा के सदस्यों के तौर पर संतृप्त मिश्रा, दिलीप कुमार रे, मनमोहन सामल ने शपथ ली।

- **इनमें महाराष्ट्र के 5, तमिलनाडु के 6, प.बंगाल के 5 तथा ओडिशा के 3 नवनिर्वाचित सांसद हैं।**

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग खारिज

नई दिल्ली, 06 अप्रैल। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया। ज्ञानेश कुमार को पूरे देश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में उनके आचरण को लेकर विपक्ष की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा था।

# 'क्या चुनाव से पहले ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निशाना बनाने की बात करता है, तो हम भारतीय नागरिक इसे सहन नहीं करेंगे। आप चुप बैठे हैं। क्या आपको शर्म नहीं आती? आपको इस्तीफा दे देना चाहिए।" भाजपा के प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कड़ा जवाब दिया और कहा "पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बर्बर पहलगाम आतंकवादी हमले को एक स्क्रिप्ट, ब्लूप्रिंट कहा ! तृणमूल वोट बैंक के तुष्टिकरण के लिए यह तक कह दिया कि पहलगाम की घटना, जिसमें निर्दोष हिंदुओं को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने मारा, एक स्क्रिप्ट है। हिन्दू-विरोधी तृणमूल पोस्ट में कहा।

पिछले साल 22 अप्रैल को, जम्मू और कश्मीर के पहलगाम के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसारण घाटी में आतंकवादियों ने 25 पर्यटकों और एक कश्मीरी पोनी राइड ऑपरेटर को मार डाला था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने पुरुषों के पास पहुंचकर, उनके नाम और धर्म पूछे थे और उनके परिवारों के सामने उन्हें बेरहमी से गोली मार दी।

# पायलट्स का "रैस्क्यु ऑपरेशन" ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )?

अमेरिका का मूल सिद्धांत यह है कि जब आप अमेरिकी सेना के लिए किसी मिशन पर होते हैं, तो आपको पीछे नहीं छोड़ा जाएगा। पूरी सेना की ताकत उन लोगों को बचाने में लगाई जाती है, जो दुश्मन के क्षेत्र में फंस गए हों।

इस मामले में अमेरिकी पायलटों को संकेत उपकरण से लैस किया गया था, जो लगातार उनकी गुप्त स्थिति अमेरिकी सेना को भेजता था। जब ये संकेत मिलते, तो उनकी सटीक स्थिति सेना के बचाव और पुनर्प्राप्ति मिशनों के लिए स्पष्ट हो जाती। युद्धकालीन बचाव टीमें अत्यधिक प्रशिक्षित इकाइयाँ होती हैं, जो ऐसे मिशनों में व्यक्तिगत जोखिम उठाती हैं।

इस मामले में, गिराए गए विमान का पायलट जल्दी ही बचा लिया गया, जबकि बचाव मिशन को ईरानी बलों से भारी गोलाबारी और हमलों का सामना करना पड़ा। लेकिन विमान में सवार दूसरे अधिकारी, जो अमेरिकी सेना के वरिष्ठ कर्नल और उन्नत संकेत और नेविगेशन विशेषज्ञ थे, का पता लगाना कठिन था। वे 48 घंटे से अधिक समय तक लुप्त थे, ईरानी सेना व स्थानीय लोग भी उन्हें खोज रहे थे।

उस अधिकारी ने 7,000 फीट की पर्वत चोटी पर चढ़ाई की थी, जहां वे अपनी जान बचाने के लिए पहुँचे थे। उनके पास केवल एक पिस्टल, कुछ संकेत उपकरण और एक ट्रैकिंग बीकन था, जो अमेरिकी सेना को उनकी सटीक स्थिति बताता था। स्थानीय लोग और आईआरजीसी के लोग भी उनका पीछा कर रहे थे। एक और समस्या यह थी कि दूसरे अधिकारी ने रेडियो संपर्क पर बाइंग आउट करते समय एक रहस्यमय संदेश भेजा था। उनका तीन शब्दों का संदेश था: "गॉड इज़ गुड (ईश्वर अच्छे हैं)। इससे सैन्य मुख्यालय को लगा कि यह संदेश इस्लामी संदेशों के समान हो सकता है और ईरानी बल इसे अमेरिकी बचावकर्ताओं को फंसाने के लिए भेज रहे हैं।

हालाँकि, कुछ लोगों ने, जो अधिकारी को जानते थे, पुष्टि की कि वे एक बेहद धार्मिक व्यक्ति थे और ऐसा संदेश उसके होने की पुष्टि करता था। इस आधार पर सेना ने तुरंत बचाव मिशन शुरू करने का निर्णय लिया और अपनी युद्धकालीन बचाव टीमों को भेजा। जैसे-जैसे घंटे बीतते गए, अमेरिकी टीमों ने दिन के उजाले में भी जोखिम उठाते हुए बचाव मिशनों को अंजाम दिया।

जब भी अमेरिकी सेना मिशन संचालित करती है, उसकी युद्धकालीन और बचाव टीमें हमेशा तैयार रहती हैं। ये तभी सक्रिय होती हैं, जब किसी सदस्य के दुश्मन क्षेत्र में पहुंचने या उनके पीछे होने की जानकारी मिलती है।

बचाव टीम ने कम से कम दो हेलीकॉप्टर और कुछ विमानों को किसी दूरस्थ ईरानी हवाई अड्डे पर तैयार रखा, ताकि सैनिकों को वापस लाया जा सके। इनमें से दो को ईरानी सेना ने नुकसान पहुँचाया, जिन्हें बाद में जमीन पर नष्ट कर दिया गया ताकि दुश्मन को यह न पता चले कि कौन सा उपकरण और सुविधा मौजूद थी।

# रक्षा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रक्षा निर्यात मुख्य रूप से कुछ प्रमुख खरीदारों में केन्द्रित थे। म्यांमार सबसे बड़ा खरीददार बनकर उभरा, जिसने भारत के कुल रक्षा निर्यात का 28 प्रतिशत हिस्सा लिया।

इसके बाद फ़िलीपींस (19 प्रतिशत) और आर्मेनिया (15 प्रतिशत) थे, ये तीनों ही मिलकर भारत के कुल निर्यात का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लेते हैं।

आस-पास और क्षेत्रीय देशों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीलंका ने कुल निर्यात का 13 प्रतिशत हिस्सा खरीदा। जबकि भारतीय महासागर क्षेत्र के द्वीपीय देशों जैसे मॉरिशस (8.3 प्रतिशत) और सेशेल्स (6 प्रतिशत) महत्वपूर्ण खरीदार थे। वियतनाम ने 5.5 प्रतिशत का योगदान दिया, जो दक्षिण-पूर्व एशिया में भारत के बढ़ते रक्षा संबंधों को दर्शाता है। अन्य देश जैसे अफ़ग़ानिस्तान, बांग्लादेश, मोरक्को और मालदीव ने मिलकर लगभग 5 प्रतिशत निर्यात लिया।

# राजस्थान में तेज ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आंधी, ओलावृष्टि और मध्यम से तेज बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में 20 से 50 मिमी तक वर्षा दर्ज होने की संभावना है। वहीं 8 अप्रैल को बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 9 अप्रैल से अगले 3-4 दिनों तक अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने किसानों के लिए अलर्ट जारी करते हुए सलाह दी है कि खुले में रखी फसलों और अनाज को सुरक्षित स्थान पर रखें या ढककर रखें, ताकि बारिश से होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

# 'पुडुचेरी का पूर्ण ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

स्थानीय निकाय चुनाव आयोजित नहीं होने दिए जाते। जीवंत उद्योग और वस्त्र क्षेत्र गंभीर गिरावट में हैं और सैकड़ों कारखाने बंद हो चुके हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा पुडुचेरी को अडानी को देना चाहती है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण करईकल पोर्ट पहले ही उन्हें बेच दिया गया है और उन्होंने अडानी इलैक्ट्रिसिटी पुडुचेरी लिमिटेड का गठन किया है, जो दर्शाता है कि आपकी बिजली भी उन्हें दी जाएगी। राहुल ने कहा, आज पुडुचेरी नकली दवाओं के मामले में आगे है। यहाँ भारी पैमाने पर नकली दवाओं का निर्माण होता है और राज्य कोई कार्रवाई नहीं करता। नकली दवाएं पूरे देश में फैलती हैं। यह केवल भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि इसमें हत्या भी शामिल है। राहुल ने कहा, वे लोगों से चोरी करते हैं, लेकिन पुडुचेरी में देवताओं से भी चोरी करते हैं। उन्होंने मंदिर की जमीन हड़प ली और देवताओं से चोरी की।

# मालदा की घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने भारी नाराजगी दिखाई

नई दिल्ली, 06 अप्रैल। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना को लेकर सुप्रीमकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को मालदा के मामले से जुड़े दस्तावेजएनआईए को सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने विशेष अधिकार अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए मालदा कीघटना से जुड़े सभी मामलों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि इस मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 26 लोगों से अब एनआईए पूछताछ करेगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का फोन नहीं उठाया, जो कि बेहद गंभीर लापरवाही है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे इस मामले में मुख्य न्यायाधीश से माफी मांगें। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की नौकरशाही पर भी तीखी टिप्पणी की।चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची व जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि पश्चिम बंगाल प्रशासन की विश्वसनीयता कमजोर हो रही है और राजनीति सचिवालय और सरकारी दफ्तरों में घुस रही है।

- **कोलकाता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का कॉल नहीं उठाने पर मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाला को फटकार लगाई**

**मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा,** आर.एन.आई. नं. 35214/79, **जयपुर कार्यालयः** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, **उदयपुर कार्यालयः** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालयः**-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422,226423, फैक्सः 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908